# राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

क्र. 1240 शो.शा. / रामातोविवि / ग्वा. दिनांक : 04/06/19

**/ / छमाही / वार्षिक प्रगति आख्या के सम्बंध में निर्देश / /**

प्रति,

**समस्त शोधार्थी**
राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म.प्र.)

सभी शोध विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26 एवं 27 जुलाई 2019 को आपके शोध कार्य की छमाही / वार्षिक प्रगति आख्या का आयोजन किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें आपको निम्न बिन्दुओं पर कार्य करना होगा :–

- सभी शोधार्थियों को शोध कार्य पर अब तक की गई प्रगति आख्या की प्रति शोध शाखा में जमा करना अनिवार्य है।
- आपको 07 मिनिट से 10 मिनिट तक अपने छमाही / वार्षिक शोध कार्य की प्रस्तुति शोध सलाहकार समिति एवं अन्य शिक्षकों तथा शोधार्थियों के समक्ष करनी होगी, जो PPT (Power Point Presentation ) के माध्यम से किया जायेगा।
- शोधार्थियों को आने–जाने अथवा ठहरने एवं स्वल्पाहार के लिये कोई भी भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जावेगा।
- 26 जुलाई 2019 को प्रातः 09:30 बजे विश्वविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें, अथवा अगर आपके द्वारा विशेष तैयारी करना है तो अपने लैपटॉप, पैनड्राईव के साथ एक दिवस पूर्व उपस्थित हो सकते हैं।
- सभी विषय के शोधार्थियों को दोनों दिवसों में उपस्थित होना अनिवार्य है, अनुपस्थित होने की दशा में उचित कार्यवाही की जायेगी।
- शोधार्थियों की उपस्थिति दोनों सत्रों (प्रातः एवं दोपहर) में ली जावेगी।
- जो शोधार्थी किसी आवश्यक कारणवश छमाही / वार्षिक प्रगति आख्या की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं तो उन्हें आवश्यक कारण लिखित में बताना होगा (मेडिकल या उचित कारण) और किसी के द्वारा छमाही प्रगति रिपोर्ट जमा कराना अनिवार्य होगा तथा शोध सलाहकार समिति की अनुशंसा पर दूसरे छमाही आख्या अथवा वर्ष में एक बार प्रस्तुति देना अनिवार्य है
- यदि फिर भी शोधार्थी छमाही / वार्षिक प्रगति आख्या की रिपोर्ट की प्रस्तुति नहीं कर पाते हैं तो यू.जी.सी. 2016 के नियमानुसार शोध सलाहकार समिति की अनुशंसा पर शोध पंजीयन निरस्त किया जा सकता है।

डॉ. संजय कुमार सिंह
प्रभारी, शोध शाखा